पधारे प्रभु श्रीराम

दिनांक 22.1.2024 (सोमवार) को अयोध्या में हुई श्री राम मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर राजस्थान, सीकर जिला के सोभासरिया विश्राम भवन में निर्मित श्रीराम मन्दिर जिसे रूपा एंड कंपनी लिमिटेड के फाउण्डर रहे एवं रामभक्त स्वर्गीय श्री बैजनाथ सोभासरिया ने निर्माण कराया था वहाँ उनके पुत्रों – (**रूपा एंड कंपनी लिमिटेड के चेयरमैन श्री प्रहलाद राय अग्रवाल, वाईस चैयरमैन श्री घनश्याम प्रसाद अग्रवाल और मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कुँज बिहारी अग्रवाल**) ने मंदिर के विशेष कार्यक्रम में शामिल होकर भजन कीर्तन और महाआरती की। कीर्तन गायक कोलकाता से गए हुए थे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी जिनमें प्रसाद वितरण किया गया। विदित हो कि यहाँ प्रति वर्ष रामनवमी के शुभ अवसर पर शोभायात्रा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होता है।